मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 245, मुंबई, सोमवार, 20 नवंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर








# छठी बार वर्ल्ड चैंपियन बना ऑस्ट्रेलिया

## फाइनल में 6 विकेट से मारी बाजी

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप 2023 के खिताब को अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को 6 विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने वनडे विश्व कप के खिताब को छठी बार अपने नाम किया है। ट्रेविस हेड ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की ओर से 137 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, मार्नस लाबुशेन 58 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया ने भारत से मिले 241 रन के लक्ष्य को 43 ओवर में हासिल किया। इससे पहले भारतीय टीम फाइनल मैच में 240 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम की ओर से केएल राहुल ने 66 रन की शानदार पारी खेली, जबकि विराट कोहली ने 54 रन का योगदान दिया।

### 'पिच का कोई बहाना नहीं', हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की

भारतीय टीम को वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 6 विकेट की शिकस्त सहनी पड़ी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इस हार से बेहद निराश दिखे। रोहित शर्मा ने मैच के बाद कहा कि उनकी टीम के बल्लेबाजों ने पर्याप्त प्रदर्शन नहीं किया और पिच को दोषी नहीं ठहराया।





### जीत के बाद पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया को सौंपी वर्ल्ड कप ट्रॉफी

अहमदाबाद में खेले गए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड कप के फाइनल में कंगारू टीम ने जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। मैच के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ पैट कमिंस को वर्ल्ड कप 2023 की ट्रॉफी सौंपी।

## 'पीएम मोदी थे, इसलिए भारत जीता वर्ल्ड कप...'

### राउत ने बीजेपी पर कसा तंज, राजनीतिक इवेंट बताया



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मैच (19 नवंबर) दोपहर 2 बजे गुजरात के अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। इस बीच, वनडे वर्ल्ड कप फाइनल को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही थी। इसी क्रम में उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने बीजेपी पर निशाना साधा है। राउत ने इसे बीजेपी का राजनीतिक इवेंट तक कह दिया। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## शरद पवार या अजित पवार, किसे मिलेगी एनसीपी की कमान?



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की कमान किसे मिलेगी शरद पवार को या उनके भतीजे अजित पवार को? सोमवार (20 नवंबर) से केंद्रीय चुनाव आयोग में इसे लेकर नियमित सुनवाई शुरू होगी। शरद पवार और अजित पवार की अगुवाई वाली दोनों गुटों ने पार्टी और उसके चुनाव चिन्ह घड़ी पर दावा ठोका है। ऐसे में सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आयोग किसके पक्ष में फैसला सुनाता है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

## एक मैच हारे और विश्व कप हार गए!

भारत के 140 करोड़ लोगों की उम्मीदें टूट गईं। भारत एकदिवसीय क्रिकेट के विश्व कप का फाइनल मुकाबला हार गया। भारत को यह विश्व कप जीतना था। भारतीय टीम चैम्पियन की तरह खेल रही थी। दुनिया की जो नौ टीमें विश्व कप खेलने भारत आई थीं उन सभी टीमों को भारत ने लीग मुकाबले में हराया था। ऑस्ट्रेलिया को भी अपने पहले मैच में ही छह विकेट से हराया था। लीग राउंड में भारत ने अपने सभी नौ मैच जीते थे और शानदार प्रदर्शन कर रही न्यूजीलैंड की टीम को सेमी फाइनल में हरा कर परफेक्ट टेन स्कोर के साथ फाइनल में प्रवेश किया था। लेकिन भारतीय टीम फाइनल नहीं जीत सकी। जिस ऑस्ट्रेलिया की टीम को भारत ने छह विकेट से हराया था उसने छह विकेट से भारत को हरा कर छठी बार विश्व कप जीत लिया। फाइनल मुकाबले से पहले भारत की मौजूदा टीम को अजेय माना जा रहा था। क्रिकेट के पंडित इसकी तुलना वेस्टइंडीज की सर्वकालिक महान टीम से कर रहे थे। भारत के पास टूनामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली थे तो एक विश्व कप मुकाबले में तीन बार पांच विकेट लेने का शानदार कारनामा करने वाले गेंदबाज मोहम्मद शमी थे। रोहित शर्मा की धुआंधार बल्लेबाजी से भारत पावर प्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीम बनी थी। किसी भी देश के गेंदबाज एक भी मैच में भारत की पूरी टीम को आउट नहीं कर पाए थे। भारत के तेज गेंदबाजों की तिकड़ी- मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के सामने हर टीम का टॉप ऑर्डर धराशायी हो रहा था। लेकिन रविवार का दिन न भारतीय बल्लेबाजों का था और न गेंदबाजों का। ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय बल्लेबाजों को रन नहीं बनाने दिया और भारतीय गेंदबाज उनकी बल्लेबाजी के आगे बेअसर रहे। कहने को कहा जा सकता है कि खेल में हार-जीत होती रहती है और जो टीम बेहतर खेली वह जीती। यह भी कहा जा सकता है कि आज भारत का दिन नहीं था। जानकार औसत के सिद्धांत का भी हवाला देंगे और बताएंगे कि लगातार 10 मैच जीतने के बाद औसत का सिद्धांत काम कर गया। दूसरी ओर जो टीम थी वह गिरते-पड़ते फाइनल में पहुंची थी। ऑस्ट्रेलिया इस टूनामेंट में अपने दोनों पहले मैच में हार गई थी। सेमीफाइनल में भी दक्षिण अफ्रीका के 220 रन के लक्ष्य का पीछा करने में भी ऑस्ट्रेलिया की हालत खराब हो गई थी। लेकिन हारते-जीतते फाइनल में पहुंची ऑस्ट्रेलिया की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उसके खिलाड़ियों के ऊपर विश्व कप के फाइनल का दबाव पूरे मैच में नहीं दिखा और न नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद एक लाख 30 हजार दर्शकों के एकतरफा भारत का समर्थन करने का दबाव उनके ऊपर दिखा। पूरी टीम एक लय में खेली और छठी बार विश्व विजेता बनी। महान क्रिकेटर सुनील गावसकर ने फाइनल मैच से पहले अपने विश्लेषण में बताया था कि बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में भारत और ऑस्ट्रेलिया समान रूप से मजबूत हैं, इन दोनों में जीतेगा वह जो अच्छी फील्डिंग करेगा। उनकी बात बिल्कुल सही साबित हुई। ट्रैविस हेड ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का जो कैच पकड़ा वह मैच का टर्निंग प्वाइंट बना। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी के धुर्रे बिखेर रहे रोहित के कैच से लगा कि यह भारत का दिन नहीं है। फिर वही ट्रैविस हेड 120 गेंदों में 137 रन बना कर ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो बने।

# छठ सूर्य देव की पूजा को समर्पित पर्व है, प्रकृति से जुड़ा यह पर्व आध्यात्मिक चेतना जगाता है

## आओ त्योहारों के मौसम में छठ पर्व की बेला पर खुशियों से सराबोर होकर नहाए

**गोंदिया।** कुदरत द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है। बस, जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता-दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं उसके ऊपर है, क्योंकि प्रसन्नता और सुख दुख भी बौद्धिक क्षमता के आधार पर माननीय जीव को खुद चुनना होता है! इसलिए आज हम छठ की पावन बेला पर मन की प्रसन्नता पर उसके गुणों, प्रक्रिया सुजन करने के तरीकों पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।



*आओ हंसियों की फुलझड़ियां जलाकर जिंदगी को महकाएं - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया*

साथियों बात अगर हम छठ पर्व की बेला पर खुशियों से सराबोर होकर नहाने की करें तो, छठ पूजा का त्योहार 17 नवंबर से शुरू हुआ। इस साल छठ पूजा 19 नवंबर को हुई। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। 20 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और इसी के साथ छठ पूजा का समापन व व्रत पारण किया जाएगा। छठ पर्व की शुरूआत नहाय-खाय के साथ होती है। इसके दूसरे दिन को खरना कहते हैं। इस दिन व्रती को पूरे दिन व्रत रखना होगा। शाम को व्रती महिलाएं खीर का प्रसाद बनाती हैं। छठ व्रत के तीसरे दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है। इस दिन महिलाएं शाम के समय तालाब या नदी में जाकर सूर्य भगवान को अर्घ्य देती है। चौथे दिन सूर्य देव को जल देकर छठ पर्व का समापन किया जाता है। इस त्योहार को सबसे ज्यादा बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बंगाल में मनाया जाता है। साथ ही इसे नेपाल में भी मनाया जाता है। इस त्योहार को सूर्य षष्ठी के नाम से भी जाना जाता है। छठ पूजा का पर्व संतान के लिए रखा जाता है। छठ में 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है।

साथियों बात अगर हम माननीय राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 18 नवंबर 2023 को देर शाम छठ पर्व पर बधाई संदेश की करें तो उन्होंने छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा, छठ पूजा के शुभ अवसर पर, मैं सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। छठ सूर्य देव की पूजा को समर्पित पर्व है। यह नदियों, तालाबों और पानी के अन्य स्त्रोतों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर है। प्रकृति से जुड़ा यह पर्व आध्यात्मिक चेतना जगाता है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। छठ पूजा हमें अपने परिवेश को स्वच्छ रखने और अपने दैनिक जीवन में अनुशासन का पालन करने की याद दिलाती है।आइए हम अपने जल संसाधनों और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाकर प्रकृति माँ का सम्मान करने का संकल्प लें। इस शुभ अवसर पर, मैं सभी नागरिकों की खुशी और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हूं।

साथियों बात अगर हम खुशी के छठ पर्व पर प्रसन्नता की बात करें तो खुलकर हंसना, मुस्कुराना, प्रसन्न रहना, मन की प्रसन्नता खुद सृजित की हुई दवा के समान है, क्योंकि इसमें सब दुख तो नष्ट होते हैं,जीव अपने कर्म में असफल नहीं होता। बुद्धि तुरंत स्थिर रहती है। सामाजिक प्रतिष्ठा और गुणों की सुगंध दूर तक जाती है एक अलग हस्मुख व्यक्तित्व की हमारी छाया हमारे अपने परिचितों सहयोगियों पर पड़ती है।



प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जिसे जितना लूटाएंगे उतना ही बढ़ता चला जाएगा, खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता की आंखों की चमक मनीषियों को दुर्लभ पूंजी है, क्योंकि प्रसन्नता सुकून से जीने की कुंजी है। यह खजाना तब बढ़ता है जब हम दूसरों की खुशीयों में अपनी खुशी को समाहित करते हैं। हमें छोटी-छोटी चीजों में प्रसन्नता, सुख ढूंढने की कोशिश करनी चाहिए, विश्वसनीय मन के भाव की खुशी का भाव अभूतपूर्व सफलता और दूरगामी सकारात्मक परिणाम होता है। आध्यात्मिकता, उदारता, परोपकार, सहनशीलता, सहिष्णुता इत्यादि मन की प्रसन्नता के प्रमुख स्त्रोतों में से कुछ हैं, जिनको जीवन में अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम छठ के इस पावन पर्व पर मन की प्रसन्नता के गुण एवं लाभों की करें तो, प्रसन्नता तो व्यक्ति का मानसिक गुण है, जिसे व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन के अभ्यास में लाना होता है। प्रसन्नता व्यक्ति के अंतर्मन में छिपे उदासी, तृष्णा और कुंठाजनित मनोविकारों को सदा के लिए समाप्त कर देती है। वस्तुतः प्रसन्नता चुंबकीय शक्ति संपन्न एक विशिष्ट गुण है। प्रसन्नता दैवी वरदान तो है ही, यह व्यक्ति के जीवन की साधना भी है। व्यक्ति प्रसन्न रहने के लिए एक खिलाड़ी की भांति अपनी जीवन-शैली और दृष्टिकोण को अपना लेता है। उसके जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता असफलता, जय-पराजय, और सुख-दुख उसके चिंतन का विषय नहीं होता। वह तो अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर बढ़ता जाता है।प्रसन्नता मानवों में पाई जाने वाली भावनाओं में सबसे सकारात्मक भावना है। इसके होने के विभिन्न कारण हो सकते हैं: अपनी इच्छाओं की पूर्ति से संतुष्ट होना। अपने दिन-रात के जीवन की गतिविधियों को अपनी इच्छाओं के अनुकूल पाना। किसी अचानक लाभ से लाभांवित होना। किसी जटिल समस्या का समाधान प्राप्त होना। साथियों बात अगर हम प्रसन्नता के लक्ष्यों की प्राप्ति की करें तो, प्रसन्न रहने वाला व्यक्ति परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर लेता है। यदि वह असफल भी हो जाता है तो निराश होने और अपनी विफलता के लिए दूसरों को दोष देने की अपेक्षा अपनी चूक के लिए आत्मनिरीक्षण करना ही उचित समझता है।ज्ञानीजन और अनुभवी बताते हैं कि प्रसन्नता जैसे दैवीय-वरदान से कुतर्की और षड्यंत्रकारी लोग सदैव वंचित रह जाते हैं। प्रसन्न व्यक्ति स्वयं को प्रसन्न रखकर दूसरों को भी प्रसन्न रखने की अद्भुत सामर्थ्य रखता है। प्रसन्नता को प्रभु-प्रदत्त संपदा समझने वाले व्यक्ति ही सदैव सुखी रहते हुए यशस्वी, मनस्वी, महान और पराक्रमी बनकर समाज और राष्ट्र के लिए आदर्श स्थापित करने में सक्षम हो सकते हैं। प्रसन्नता ही सुखी जीवन का मूल मंत्र है। प्रसन्नता हमारा अनमोल खजाना है। प्रसन्नता को जरूर लुटाइए फि र देखिए, उसका खजाना बढ़ता चला जाएगा ।भलाई करना कर्त्तव्य नहीं, आनन्द है । क्योंकि वह प्रसन्नता को पोषित करता है ।सबको प्रसन्न करने की शक्ति सब में नहीं होती । प्रसन्नता आत्मा को शक्ति प्रदान करती है । प्रसन्नतापूर्वक उठाया गया बोझ हल्का महसूस होता है। प्रसन्नता शब्द का प्रयोग मानसिक या भावनात्मक अवस्थाओं के संदर्भ में किया जाता है, जिसमें संतोष से लेकर तीव्र आनंद तक की सकारात्मक या सुखद भावनाएं शामिल हैं। इसका उपयोग जीवन संतुष्टि, व्यक्तिपरक कल्याण, यूडिमोनिया, उत्कर्ष और कल्याण के संदर्भ में भी किया जाता है इसलिए हर व्यक्ति ने इस गुण को अपने में समाहित कर जीवन को सफल बनाने के मंत्र को अपनाना चाहिए।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि छठ सूर्य देव की पूजा को समर्पित पर्व है, प्रकृति से जुड़ा यह पर्व आध्यात्मिक चेतना जगाता है। आओ त्योहारों के मौसम में छठ पर्व की बेला पर खुशियों से सराबोर होकर नहाए। आओ हंसियों की फुलझड़ियां जलाकर जिंदगी को महकाएं'

**-संकलनकर्ता लेखक -**
**कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मुंब्रा शहर में चैन स्नैचरों का आतंक, भरें बाजार में दे रहे हैं आपराधिक वारदात को अंजाम

## नौ दिन के भीतर घटी चैन स्नेचिंग की दो वारदात

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** मुंब्रा शहर में जिस प्रकार नशे का प्रक्रोप बढ़ता जा रहा है उस पर मुंब्रा पुलिस को प्रतिबंध लगाने की सख्त आवश्यकता है शहर में बढ़ते नशे के कारण कम उम्र के युवक और युवती नशे के दलदल में फंसकर अपनी जिंदगी के साथ-साथ अपने परिवार का भी सर्वनाश कर रहे हैं नशे की लत को पूरा करने के लिए कम उम्र के युवक गंभीर आपराधिक वारदात को सरेआम अंजाम दे रहे है आपको बताते चले बीते 7 नवंबर मंगलवार को बदलापुर रहवासी महिला का दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात लुटेरे द्वारा कौसा सैनिक नगर परिसर के समीप रिक्शा अडाकार सोने की चैन और बंगड़ी जबरन खींचकर फरार हो गए लूटे गए माल मुद्दे की कुल कीमत 2,80,000 /- रुपए बताई जा रही है जिसके बाद मुंब्रा पुलिस द्वारा चार अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मैं 392,341,34 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है ठीक 9 दिन बाद यानी 16 नवंबर गुरुवार को मुंब्रा शहर में फिर से चैन स्नेचिंग का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में फरियादी अनंत रघुनाथ सावंत वर्ष 51 व्यवसाय ब्यूटीशियन रहवासी संतोषी अपार्टमेंट ए विंग रूम नंबर 102 आनंद कोलीवाडा सरकारी अस्पताल के करीब मुंब्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोज की तरह


पीड़ित अनंत रघुनाथ सावंत

मैं अपने कामकाज के लिए बांद्रा परिसर में गया था और रात 8.45 बजे मैं घर पर आ गया उसके बाद मेरे भाई ने मुझे मुंब्रा स्थित सीमा वाइन शॉप से क्वार्टर लाने के लिए कहा था और मैं अपने भाई के लिए क्वार्टर लाने के लिए सीमा वाइन शॉप पर गया था तभी हमारे परिसर में घूमने वाले युवक भूरा और उसके अन्य तीन साथी मेरे ऊपर घात लगाए बैठे थे जैसी ही मैं क्वार्टर लेकर दुकानदार को पैसा देकर निकला यह चारों लुटेरों द्वारा मेरे गले से सोने की चैन छिन्ने लगे मैं वापस लौटकर सीमा वाइन शॉप के पास आकर खड़ा हो गया और मैंने दुकानदार को यह घटना के बारे में जानकारी दी कुछ देर बाद मैं सीमा वाइन शॉप के यहां से अपने घर की तरफ निकला तो यह चारों लुटेरों द्वारा फैमस पिज्जा शॉप के सामने रात 9:30 बजे के आसपास भूरा और उसके अन्य तीन साथी द्वारा मुझे पड़कर मारा पीटा गया और मेरे गले से सोने की चैन और हाथ में मोबाइल फोन छीन लिया गया स्थानीय रहवासी द्वारा मुझे बचाने का प्रयत्न किया जा रहा था तभी उसी समय भूरा ने कमर से चाकू निकाल कर कहने लगा भूरा भाई के सामने आवोगे तो यही लिटा दूंगा यह कहते हुए चाकू को हवा में जोर-जोर से घूमाने लगा तभी स्थानीय रहवासी पीछे हट गए और डर के मारे दुकानों को बंद कर लिया गया मैं चैन छोड़ने के लिए तैयार नहीं था लेकिन भूरा और उसके अन्य तीन साथी द्वारा मुझे मारा पीटा जा रहा था मुझे लगा कहीं यह लोग मुझे जान से नहीं मार दे इसलिए मैंने विरोध करना बंद कर दिया फिर उसके बाद इन चारों ने मेरे गले से तीन तोले की सोने की चैन खींचकर और वीवो कंपनी का मेरा मोबाइल लूटकर फरार हो गए उसके बाद मैंने मुंब्रा पुलिस स्टेशन में आकर अपराधियों के विरुद्ध में शिकायत दर्ज कराई मेरी शिकायत पर अपराधियों के विरुद्ध 392,323,504,506,34 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया उसके बाद मुंब्रा पुलिस द्वारा फरार चैन स्नैचरों की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी सीमा वाइन शॉप के सीसीटीवी फुटेज मैं मिले आरोपियों के फोटो के बाद मुंब्रा पुलिस द्वारा चार घंटे के भीतर ही अमृत नगर शिवाजी नगर मैदान में से आमिर फिरोज खान उर्फ भूरा वर्ष 30, रहवासी दरगाह रोड अमृत नगर,आदिल मुस्तफा अंसारी वर्ष 30, जमाल अफजल शेख वर्ष 29, चौथा आरोपी लाले फरार बताया जा रहा है तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और अन्य चौथी आरोपी की तलाश की जा रही है आगे इस पूरे मामले की छानबीन मुंब्रा पुलिस स्टेशन की सहायक पुलिस निरीक्षक विनायक माने द्वारा की जा रही है गौरतलब बात तो यह है जिस प्रकार मुंब्रा शहर में चैन स्नेचिंग की वारदातें बढ़ती जा रही है उसका मुख्य कारण नशा ही सामने आ रहा है क्योंकि चैन स्नैचिंग जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों की उम्र 25 से 30 वर्ष की बताई जा रही है इससे कयास लगाया जा सकता है की कम उम्र के युवक ही नशे की लत को पूरा करने के लिए संगीन आपराधिक वारदातों को अंजाम देकर अपनी जिंदगी के साथ-साथ अपने परिवार का भी सर्वनाश कर रहे हैं आखिर कब मुंब्रा पुलिस नशे पर प्रतिबंधित कार्रवाई करेगी जिससे नौजवान युवक का भविष्य अंधकार में डूबने से बच जाए।

# रामगढ़ शेखावाटी परिषद का कवि सम्मेलन संपन्न

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** रामगढ़ शेखावाटी परिषद मुंबई के तत्वावधान में घुड़मल बजाज सभागार, मालाड पूर्व में दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।हास्य कवि सुरेश मिश्र के सफल संचालन में डा. रजनीकांत मिश्र, सुश्री सुमीता केशवा, मनोज मद्रासी (अमरावती ) और रोहित झन्नाट (इंदौर) ने श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। आयोजक और संयोजक पवन कुमार शर्मा ने आगंतुक मेहमानों का सम्मान किया।




राजेन्द्र प्रसाद शर्मा और रामनिरंजन रुइया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र की पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीमती विद्या ठाकुर, जयप्रकाश ठाकुर, विनोद शेलार, दीपक ठाकुर का समिति द्वारा विशेष सम्मान किया गया। मोहन प्रह्लादका को रामगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया गया। स्नेह सम्मेलन को सफल बनाने में श्याम सुंदर रुइया, प्रमोद पुजारी, देवेंद्र कुमार जैन, प्रमोद कुमार दाधीच, सुशील कुमार प्रह्लादका, रघुवीर प्रसाद गोयनका,नंदकिशोर जौहरी, मनमोहन प्रह्लादका, मधुसूदन शर्मा, रमेश सिंघानिया, सुरेश पंसारी,विजय कुमार लोहिया, राधेश्याम सिंघानिया, कमलेश पोद्दार, रवि कुमार सैनी, सुरेंद्र प्रकाश रुइया और ओम प्रकाश पोद्दार सहित पूरी समिति ने अथक परिश्रम किया। सम्मान समारोह का संचालन त्रिलोक सिरसेवाला ने कियाब

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**'पीएम मोदी थे, इसलिए भारत जीता वर्ल्ड कप...'**

मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा, अब इस देश में कुछ भी हो सकता है। कल तक क्रिकेट खेल था। इसमें पूरा देश शामिल था। अब इसमें बीजेपी शामिल हो गई हैं। यह अब खेल नहीं रह गया है। यह सियासी इवेंट बन गया है। राउत ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा है कि शाम तक बीजेपी वाले कहेंगे कि मोदी थे इसलिए हम जीत गए... मोदी थे इसलिए ऐसी बॉलिंग हुई.. ऐसी गुगली डाली गई.. मोदी ने ही जीत का मंत्र दिया.. अमित शाह फिल्ड के पीछे से मार्गदर्शन कर रहे थे... ये लोग खेल को भी नहीं बख्श रहे हैं। विश्व कप फाइनल पर शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद संजय राउत ने कहा, इस देश में जब से केंद्र और कई राज्यों में मोदी सरकार आई है तब से हर चीज पर एक राजनीतिक इवेंट का आयोजन किया जा रहा है... क्रिकेट में राजनीति लाने की कोई जरूरत नहीं है लेकिन अहमदाबाद में ऐसा किया जा रहा है। जैसे कि प्रधानमंत्री मोदी बॉलिंग करेंगे, अमित शाह बैटिंग करेंगे और बीजेपी नेता बाउंड्री पर खड़े रहेंगे... हमें यह जरुर सुनने मिलेगा कि हमने वर्ल्ड कप इसलिए जीत लिया क्योकि पीएम मोदी वहां थे। आजकल इस देश में कुछ भी हो सकता है। संजय राउत ने कहा, मुंबई कभी क्रिकेट का घर हुआ करता था। यह जश्न दिल्ली या मुंबई में होता था... कोलकाता ईडन गार्डन में होता था। लेकिन क्रिकेट को मुंबई से अहमदाबाद शिफ्ट कर दिया गया है। क्योंकि उन्हें (बीजेपी) राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करना हैं। बीजेपी वाले कहेंगे मोदी ते इसलिए हम जीत गए, मोदी है तो वर्ल्ड कप जीतना मुमकिन है। हालांकि भारतीय टीम को वर्ल्ड कप के लिए मेरी शुभकामनाएं। हम जरूर जीतेंगे।

**शरद पवार या अजित पवार...**

वरिष्ठ नेता शरद पवार की एनसीपी अपने गठन के बाद से सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है। जुलाई महीने में पार्टी के दिग्गज नेता अजित पवार ने बगावत कर दी, जिससे पार्टी में फूट पड़ गई। दोनों गुट एनसीपी पर अपना अधिकार जमाने के लिए चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक दौड़ लगा रहे हैं। हाल ही में शरद पवार के नेतृत्व वाला खेमा हजारों पन्नों के दस्तावेजों को कंटेनर में लेकर चुनाव आयोग के दिल्ली कार्यालय पहुंचा। इस दौरान पार्टी के बड़े नेताओं के साथ शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले भी मौजूद रहीं। पिछले महीने सुनवाई के लिए शरद पवार गुट की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए थे। सिंघवी ने आयोग के समक्ष दावा किया था कि अजित पवार गुट ने बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज आयोग को दिए है, जिनमें मृत लोग, नाबालिग बच्चे, डिलीवरी बॉय, अन्य दलों के लोग, गृहणियां आदि के हलफनामे शामिल थे। सिंघवी ने कहा था कि 8,900 हलफनामों में त्रुटियां हैं और इनमें से कुछ त्रुटियों को चुनाव आयोग ने भी माना है। अजित गुट सुनवाई को जल्द खत्म करने की कोशिश कर रहा है। सिंघवी ने अजित पवार गुट पर गैर कानूनी तौर पर दबाव बनाने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। मालूम हो कि शिवसेना में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बगावत होने के बाद भगवा पार्टी पिछले साल जून में टूट गई थी, जबकि अजित पवार और आठ अन्य एनसीपी विधायकों के इस साल दो जुलाई को राज्य सरकार में शामिल होने से एनसीपी दो धड़ों में बंट गई। इसी साल जुलाई महीने में अजित दादा ने सत्तारूढ़ शिंदे-फडणवीस गठबंधन में शामिल होकर महाराष्ट्र की राजनीतिक में खलबली मचा दी। जिसके बाद शरद पवार ने बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल समेत कई दिग्गज नेताओं को पार्टी से बाहर कर दिया। उधर, अजित पवार गुट भी एनसीपी पर दावा करते हुए चुनाव आयोग की चौखट पर पहुंचा है। अजित दादा ने साफ कहा है कि एनसीपी के अधिकतर विधायक, नेता उनके साथ खड़े है। एनसीपी उनकी है और वह एनसीपी के नाम और चिन्ह (घड़ी) पर आगामी चुनाव लड़ेंगे। इस बीच, एनसीपी के दोनों गुटों ने विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) राहुल नार्वेकर के समक्ष एक दूसरे के खिलाफ कई याचिकाएं दायर की।

# आईटी हार्डवेयर सेक्टर में आएगी नौकरियों की बहार, 50 हजार को मिलेगा रोजगार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

आईटी हार्डवेयर सेक्टर में जल्द ही नई नौकरियों की बहार आ सकती है। दिग्गज आईटी हार्डवेयर डेल, एचपी, लेनोवो, फॉक्सकॉन आदि जैसी 27 कंपनियों को सरकार के प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना की मंजूरी मिल चुकी है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि पीएलआई आईटी हार्डवेयर योजना के जरिए कुल 27 कंपनियों को अप्रूवल मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक अश्विनी वैष्णव ने यह भी बताया कि पीएलआई स्कीम के तहत मंजूरी मिलने के बाद करीब 95 फीसदी कंपनियां पहले दिन से ही प्रोडक्शन शुरू करने जा रही है। 23 कंपनियां इस काम को जल्द से जल्द कर देंगी। वहीं बाकी बची चार कंपनियां अगले 90 दिनों में स्कीम के तहत प्रोडक्शन शुरू कर देंगी।

- 95 फीसदी कंपनियां पहले दिन से ही उत्पादन शुरू करने जा रही

## 27 कंपनियों को सरकार की पीएलआई योजना की मंजूरी मिल चुकी

### इन सेक्टर में भी आएगी नौकरियां

इसके अलावा, एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय कंसलटेंट फर्मों को चालू छमाही के दौरान बिजनेस ऑपरेशंस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड टेक्नोलॉजी, डेटा साइंस आदि जैसी टेक्नोलॉजीज में 5,000 से अधिक फ्रेशर्स को नियुक्त करने की उम्मीद है। टियर-2 और टियर-3 शहरों में नियुक्तियों निकल सकती है। मेट्रो और छोटे शहरों के बीच का अंतर अब धुंधला होने लगा है.



### सरकार 17 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी

ध्यान देने वाली बात ये है कि देश में आईटी हार्डवेयर के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम 2.0 को शुरू किया है। इसके जरिए सरकार 17,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी जिससे देश में आईटी हार्डवेयर के निर्माण को प्रोत्साहन मिले और इससे क्षेत्र में नई नौकरियों का सृजन हो।

### 50,000 से ज्यादा नई नौकरियों का होगा सृजन

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह भी उम्मीद जताई कि आईटी हार्डवेयर योजना के जरिए यह 27 कंपनियां आईटी हार्डवेयर 3,000 करोड़ रुपए निवेश करेंगी। कुल 50,000 लोगों को सीधे तौर पर रोजगार मिलेगी। वहीं कुल 1.50 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष तरीके से रोजगार मिलने की उम्मीद है। आईटी हार्डवेयर योजना के तहत जिन कंपनियों को अप्रूवल मिला है उसमें डेल, फॉक्सकॉन, लेनोवो, फ्लेक्स्ट्रॉनिक्स, पगेट, सोजो, वीवीडीएन, सिरमा, भगवती, पगेट, सोजो, नियोलिंक जैसी कंपनियां शामिल है।

## विधानसभा चुनाव
## पार्टियां लगी गुणा-भाग में, जीत के अपने-अपने दावे

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा के लिए मतदान समाप्त होने के बाद दोनों प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस के नेता कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों से फीडबैक लेकर संभावित परिणाम के गुणा भाग में लगे हैं। तीन दिसंबर को मतगणना में असली नतीजे सामने आएंगे लेकिन दोनों राज्यों में दोनों ही दलों के नेता अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। नेताओं का यह भी दावा है कि उनकी चुनाव घोषणाओं के प्रति समर्थन के कारण ही ज्यादा मतदान हुआ और मतदाताओं ने उनके पक्ष में वोट डाला है। चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के अनुसार मध्यप्रदेश में 77.12 फीसदी और छत्तीसगढ़ में 76.31 फीसदी मतदान हुआ है। चुनाव में ज्यादा मतदान और महिलाओं में खास उत्साह को दोनों दल अपने पक्ष में मान रहे हैं। भाजपा का दावा है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना का जादू चल गया, बहनों ने अधिक से अधिक वोट किया। सरकार की योजनाओं के कारण एससी-एसटी व ओबीसी वर्ग का प्रो-विकास वोट भाजपा को मिला।

## दरियादिल मुंबईकर द्वारा दिवाली मिलन समारोह और चिल्ड्रंस डे हिस्टोरिकल प्लेस पगोड़ा में मनाया गया



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** दरियादिल मुंबईकर द्वारा दिवाली मिलन समारोह और चिल्ड्रंस डे एक अलग अंदाज में हिस्टोरिकल प्लेस पगोड़ा में मनाया गया। 17 नवंबर 2023 को दरियादिल मुंबईकर की संस्थापक और राष्ट्रीय सैनिक संस्था एलडब्ल्यू की अध्यक्षा डॉक्टर अर्चना देशमुख (माननीय), सचिव माधवी गुप्ता और संयुक्त सचिव निधि अय्यर ने अपनी दरियादिल टीम और उम्मीद फाउंडेशन की 11 से 17 वर्ष उम्र की लड़कियों के साथ दिवाली, नया साल और बाल दिवस मनाया, मलाड पश्चिम मुंबई में स्थित है। उन्होंने पगोडा डैम, गोराई मुंबई में एक दिवसीय शिक्षा क्षेत्र की यात्रा की। भगवान गौतम बुद्ध का ऐतिहासिक स्थान, लड़कियों को शिक्षित करने और उन्हें प्रामाणिक जानकारी और ज्ञान देने के लिए विशेष पर्यटक गाइड नियुक्त किया गया था। लड़कियाँ अभिभूत थीं, उन्होंने पूरी यात्रा का आनंद लिया। तथा पूरी टीम को धन्यवाद कहा।

## विकासशील देशों में लोगों के सामने गंभीर स्थिति

# अल नीनो से गन्ने की फसल प्रभावित दुनिया भर में चीनी की कीमतें तेज

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दुनिया के दूसरे और तीसरे सबसे बड़े निर्यातक देश भारत और थाईलैंड में असामान्य रूप से शुष्क मौसम के कारण गन्ने की फसल को नुकसान होने से चीनी की वैश्विक आपूर्ति कम हुई है। यह उन विकासशील देशों के लिए एक नया झटका है, जो पहले ही चावल जैसे मुख्य खाद्य पदार्थों की कमी से जूझ रहे हैं। इस वजह से खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ गई है।

### कमजोर मुद्राओं से खाद्य असुरक्षा बढ़ी

प्राकृतिक रूप से हो रही जलवायु परिघटना अल नीनो, यूक्रेन में युद्ध और कमजोर मुद्राओं के कारण खाद्य असुरक्षा बढ़ी है। पश्चिमी दुनिया के अमीर देश ऊंची लागत को वहन कर सकते हैं, लेकिन गरीब देशों में लोगों को आजीविका के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।


### वैश्विक उत्पादन दो फीसदी घट सकता है

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) का अनुमान है कि 2023-24 सत्र में चीनी का वैश्विक उत्पादन दो प्रतिशत तक कम रह सकता है। एफएओ के वैश्विक कमोडिटी बाजार शोधकर्ता फैबियो पाल्मेरी ने कहा कि ऐसा होने पर वैश्विक चीनी उत्पादन में करीब लगभग 35 लाख टन की गिरावट आ जाएगी।\

*चीनी की आसमान छूती कीमतों के कारण विकासशील देशों में लोगों को गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले दो महीनों में चीनी के दाम 55 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। दुनिया भर में चीनी के भाव 2011 के बाद से सबसे ऊंचे स्तर पर हैं।*

### भारत चीनी का सबसे बड़ा उपभोक्ता

भारत चीनी का सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है और अब वहां चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। थाईलैंड शुगर प्लांटर्स एसोसिएशन के नेता नाराधिप अनंतसुक ने कहा कि उनके देश में अल नीनो प्रभाव से न केवल गन्ने की मात्रा में कमी आई है, बल्कि फसल की गुणवत्ता में भी बदलाव हुआ है।



- अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो माह में चीनी के दाम 55 फीसदी बढ़े
- चीनी के भाव 2011 के बाद से सबसे ऊंचे स्तर पर
- भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी निर्यातक

### *थाईलैंड में उत्पादन 15 फीसदी घटा*

*अमेरिकी कृषि विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर में थाईलैंड में उत्पादन में 15 प्रतिशत घट सकता है। कृषि डेटा और विश्लेषण फर्म ग्रो इंटेलिजेंस की वरिष्ठ शोध विश्लेषक केली गौगरी ने कहा कि ब्राजील में गन्ने की उपज पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक होने का अनुमान है, लेकिन चीनी की वैश्विक आपूर्ति मार्च तक राहत नहीं मिल पाएगी।*

### एथनॉल के लिए चीनी का खूब इस्तेमाल

एथनॉल जैसे जैव ईंधन के लिए भी चीनी का खूब इस्तेमाल किया जा रहा है, इसलिए चीनी का वैश्विक भंडार 2009 के बाद से सबसे कम है। ब्राजील चीनी का सबसे बड़ा निर्यातक है, लेकिन इसकी पैदावार 2024 के अंत में ही कमियों को दूर करने में मदद करेगी। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) का मानना है कि इस साल भारत के चीनी उत्पादन में आठ प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

# पीएम मुद्रा योजना में महिलाओं को पहली प्राथमिकता: सीतारमण

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि लाभार्थियों को वित्तीय सहायता देने वाली 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' के तहत महिला उद्यमियों को पहली प्राथमिकता दी जाती है। सीतारमण ने यहां 'पीएम स्वनिधि से समृद्धि' कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को मंजूरी पत्र वितरित करते हुए कहा कि नगर पालिकाओं के अधिकारियों को शामिल नहीं किए गए फुटपाथ पर बिक्री करने वालों की पहचान करनी चाहिए और उन्हें इस योजना का लाभ उठाने में मदद करनी चाहिए।

- वित्त मंत्री ने समृद्धि कार्यक्रम में मंजूरी पत्र किए वितरित
- बैंकों के माध्यम से पीएम स्वनिधि योजना शुरू की

वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसे विक्रेताओं की मदद करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने ऋण प्राप्त करने के लिए बैंकों के माध्यम से पीएम स्वनिधि योजना शुरू की।

वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी की टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए सीतारमण ने कहा कि यदि कोई बैंक किसी लाभार्थी को 10,000 रुपये तक का ऋण देता है। यदि वह इसे समय पर वापस भुगतान करता है, तो ऋण राशि बढ़कर 20,000 रुपये हो जाती है और यदि वह वापस भुगतान करता है तो ऋण राशि 20,000 रुपये तक बढ़ जाती है। समय पर इसे बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया जाता है।




### लाभार्थी बिचौलियों से बचे

वित्त मंत्री ने जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) तिकड़ी की शुरुआत को याद करते हुए कहा कि एक लाभार्थी आधार कार्ड हासिल करने के बाद एक बैंक खाता खोल सकता है और उसके खाते में केंद्र से सीधे वित्तीय सहायता भेजी जा सकती है जिससे लाभार्थी 'बिचौलियों' से बच सके।

## नारी शक्ति ने दिखाया उत्साह, मध्य प्रदेश में 72 फीसदी और छत्तीसगढ़ में 75 फीसदी वोटिंग

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में इस बार महिलाओं का ज्यादा उत्साह नजर आ रहा है। राजनीतिक दलों ने भी महिलाओं के लिए कई लुभावने वादे किए हैं। इसका असर शुक्रवार को संपन्न दूसरे चरण के मतदान में भी दिखा। मध्यप्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों और छत्तीसगढ़ की बाकी बची 70 विधानसभा सीटों के लिए छिटपुट हिंसा के बीच मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। दोनों राज्यों में मतदान केंद्रों पर महिलाएं सुबह से ही कतार में नजर आईं। मध्यप्रदेश में शाम छह बजे तक कम से कम 76.22 फीसदी और छत्तीसगढ़ में शाम पांच बजे तक कम से कम 75 फीसदी मतदान की सूचना है। इसी के साथ पांच चुनावी राज्यों में से तीन में मतदान की प्रक्रिया पूरी हो गई। इससे पहले, मिजोरम की सभी 40 सीटों और छ्त्तीसगढ़ की 20 सीटों के लिए सात नवंबर को मतदान हुआ था। राजनीतिक दलों ने अब राजस्थान और तेलंगाना में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है, जहां तीसरे और चौथे चरण में क्रमशः 25 और 30 नवंबर को मतदान होना है।



## उत्तराखंड हलचल

# सिलक्यारा टनल हादसे ने खोली राष्ट्रीय स्तरीय आपदा प्रबंधन की पोल : यशपाल आर्य

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि , सिलक्यारा टनल के मामले ने न केवल प्रदेश के बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी आपदा प्रबंधन की पोल खोल कर रख दी है । उन्होंने कहा कि 1 सप्ताह से देश के लोग और विपक्ष नैतिक रूप से इस संकट की घड़ी में सरकार और आपदा प्रबंधन में लगी एजेंसियों के साथ खड़े थे पर अब सब्र का बांध टूट रहा है। सरकार को बचाव कार्य करने के साथ जबाबदेही भी तय करनी होगी उन्होंने कहा कि देश के 42 लोगों की बहुमूल्य जानों के साथ किसी को भी प्रयोग करने की इजाजत नही होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि , ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि 41 लोगों की बहुमूल्य जानें सप्ताह भर से संकट में फंसी हैं और अभी भी बचाव के नाम पर हर दिन




नए प्रयोग ही किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि , सरकार को साफ करना चाहिए कि , लगभग 5 किलोमीटर लंबी इस टनल के निर्माण के मूल प्रोजेक्ट में मलबा निकालने व बचाव के लिए एडिट टनल व एस्केप टनल का प्राविधान था भी या नहीं ? अगर प्रोजेक्ट में ये प्राविधान था और कंपनी बिना एडिट टनल व एस्केप टनल के काम कर रही थी तो कंपनी पर सुसंगत धाराओं में आपराधिक मुकदमा भी दर्ज करना चाहिए। यदि प्रोजेक्ट रिपोर्ट में ये महत्वपूर्ण प्राविधान नहीं किये थे तो निर्माण करने वाले बिभाग पर भी आपराधिक मुकदमा दर्ज करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि, इस बड़ी परियोजना के निर्माण में मानकों और सुरक्षा के विकल्पों को स्थापित करने में निश्चित रूप से अवहेलना हुई है इसलिए अब दुर्घटना होने के बाद विकल्पों को तलाशा जा रहा है। जबकि परियोजना को शुरू करते समय भूगर्भीय सर्वेक्षण के बाद सबसे पहले सुरक्षा के विकल्पों को स्थापित किया जाना चाहिए था।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि, देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में राज्य के विभागों की तुलना में बहुत ही महंगी दरों पर बेहद घटिया काम लापरवाही के साथ हो रहा है इसलिएवसिलक्यारा जैसी स्थितियां पैदा हो रही हैं । उन्होंने कहा कि, राज्य सरकार को बेहद सम्बेदनशील टनल निर्माण के कार्य में लगी सरकारी कंपनी और जमीन पर काम कर रही पेटी कंपनी के टनल निर्माण के क्षेत्र के अनुभव को भी जनता के सामने रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि , प्रारंभिक सूचनाओं से ये सिद्ध होता है कि, यह दुर्घटना लापरवाही और अनुभवहीनता का नतीजा है ।

# डिप्टी एसएसपी के बेटे ने की अपनी मां की हत्या

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में हुए एक सनसनीखेज मामले में, डालनवाला क्षेत्र के एक युवक ने अपनी मां की हत्या कर दी है। बताया जा रहा है की हत्यारे का पिता मुरादाबाद में डिप्टी एसपी के पद पर हैं। कल रात युवक ने अचानक अपनी 55 साल की मां को लोहे का सबल मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद, आरोपी ने खुद की भी नस काट ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, आरोपी की



मानसिक स्थिति पहले से ही अस्तव्यस्त थी, और उसकी दवाइयां चल रही थीं। इस समय तक यह स्पष्ट नहीं है कि उसने मां की हत्या क्यों की, इसका जांच किया जा रहा है। मामले में जुटे स्थानीय पुलिस और एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि आरोपी की मानसिक स्थिति सही नहीं है और उसे उचित मेडिकल देखभाल के लिए रखा गया है। इसके अलावा, घटना के पीछे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है ताकि इस मामले में सच्चाई सामने आ सके और न्यायिक कदम उठाए जा सकें।

# हल्द्वानी के एसटीएच में डॉक्टरों ने किया ब्रेन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन




**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के सबसे बड़े सुशीला तिवारी अस्पताल के डॉक्टर को बड़ी कामयाबी मिली है, ईएनटी, न्यूरो सर्जरी, और एनेस्थीसिया विभाग ने मिलकर दो मरीजों के ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन किये, डॉक्टरों की सफलता यह है की ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन नाक के द्वारा बिना चीर फाड़ के हुआ, दोनों ऑपरेशन अलग अलग दिन 4 घंटे में सफल तरीके से पूरे किये गये, फिलहाल दोनों मरीज आईसीयू में हैं और रिकवर कर रहें हैं, डॉक्टरों के मुताबिक दोनों मरीज ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित थे जिसका असर दोनों मरीजों की आँख की रोशनी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था, दोनों मरीजों की उम्र 50 साल के कम है..... इस तरह का सफल ऑपरेशन कुमाऊं में पहली बार हुआ है जिस डॉक्टर काफी उत्साहित नजर आ रहें हैं।

# कांग्रेस का पौड़ी लोकसभा सीट पर विशेष फोकस

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारी लगातार जारी हैं वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष इस समय पौड़ी लोकसभा मे जिलों की बैठक कर रहे हैं बता दे पौड़ी लोकसभा सीट को लेकर कांग्रेस का विशेष फोकस दिखाई दे रहा है प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने बताया हमने सभी जिला का गठन ब्लॉक बूथ का गठन कर लिया है उन्होंने कहा ब्लॉक और बूथ के बीच में 1170 मंडलम का गठन कर लिया है इस समय जिलों के सम्मेलन हो रहे हैं और पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता इन सम्मेलनों को सफल बनाने मे लगे हुए है हैं हालांकि उन्होंने कहा कि अभी चेहरों को लेकर कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है जो भी निर्णय होगा वह पार्टी आलाकमान द्वारा तय किया जाएगा।



# केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी पहुँचे सिलक्यारा

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**




**उत्तरकाशी।** रविवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी सिलक्यारा पहुंचे। जहां उन्होंने सिलकयारा सुरंग में चल रहे राहत एवं बचाव कार्य का स्थलीय निरीक्षण और समीक्षा की और उचित दिशा निर्देश। ही दिए। वही इस निरीक्षण में सूबे के मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी और मुख्य सचिव एस एस संधू भी मौजूद रहे।

# सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सिल्क्यारा टनल हादसे की समीक्षा, दिए निर्देश

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासकीय आवास पर अधिकारियों के साथ सिल्क्यारा टनल हादसे की समीक्षा की....सीएम धामी ने टनल में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए चलाए जा रहे बचाव कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए हर आवश्यक कदम उठाये जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लगातार बचाव अभियान का अपडेट ले रहे है, ग्राउंड जीरो पर कार्य कर रहीं एजेंसियों को प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव सहयोग दिया जा रहा है। टनल में फंसे सभी श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।



# केन्द्रीय संस्थाओं के साथ समन्वय करे स्थापित - धामी

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**



**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश के अन्तर्गत कार्यरत विभिन्न केन्द्रीय संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डा0 नीरज खैरवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डॉ खैरवाल बतौर नोडल अधिकारी उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत कार्यरत विभिन्न केन्द्रीय संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करने, उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों का अनुश्रवण करेंगे। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार राज्य की ओर से सहयोग एवं सुझाव भी केन्द्रीय संस्थाओं को प्रेषित करेंगे।

# डूबते सूरज को वर्तियों ने दिया अर्थ

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में छठ पर्व के मौके पर व्रती स्त्रियों ने छठ मैया की पूजा कर डूबते सूर्य को अर्थ दिया। वही पुरुषो ने भी छठ मैया से अपने सुख शांति की प्रार्थना की। वही कुछ लोग सड़क पर लेटते हुए छठ मैया की पूजा के लिए पहुंचे।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पुदीना स्वाद ही नहीं, सेहत के लिए भी है फायदेमंद

पुदीना खाने में स्वादिष्ट होने के साथ सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं जो कई हेल्थ संबंधी समस्याओं को ठीक करने में मदद करते हैं। गर्मियों के मौसम में हर घर में इसका इस्तेमाल खट्टी चीजें और चाय बनाने में किया जाता है। खाने के स्वाद को बढ़ाने के साथ यह शरीर में दवाई की तरह काम करता है। आज हम इससे होने वाले फायदों के बारे में बताएंगे, जिसे इस्तेमाल करके आप कई समस्याओं से छुटकारा पर सकते हैं।



**1. पेट दर्द से पाए राहत**

पुदीना पेट की समस्याओं के लिए काफी फायदेमंद होता है। जब कभी किसी का पेट अच्छी तरह से साफ न हुआ हो और पेट में दर्द हो रहा हो तो पुदीना एक दवाई की तरह काम करता है। इसे इस्तेमाल करने के लिए पुदीने को पीस कर पानी में मिला लें और फिर छान कर पानी को पीएं। इससे आपकी पाचन शक्ति भी बढ़ेगी और पेट दर्द से भी राहत मिलेगी।

**2. गर्मी से दिलाए निजात**

पुदीने का इस्तेमाल खास कर गर्मियों में गन्ने के रस में, आम का पन्ना बनाने में, भोजन में किया जाता है क्योंकि यह शरीर में गर्मी से राहत दिलाता है। इससे नमी बनी रहती है और यह घबराहट, उल्टी, हैजा जैसी समस्याओं से छुटकारा दिलाता है।

**3. मुंह की बदबू करें दूर**

कई बार ब्रश करने के बाद भी मुंह में बदबू आती रहती है आप इसे हटाने के लिए पुदीने के पत्तियों को चबा सकते हैं। इसके अलावा आप पुदीने को सूखा कर इसका चूर्ण बना कर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप इससे मंजन की तरह दांत साफ कर सकते हैं। ऐसा करने से आपके मसूड़े भी मजबूत होंगें।

**4. हड्डियों को बनाएं मजबूत**

पुदीना हड्डियों को भी मजबूत बनाता है। इसमें मैग्निशियम तत्व पाया जाता है जो हड्डियों के लिए जरूरी होता है।

5. कोलेस्ट्रोल लेवल ठीक रखें

पुदीने में फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता हैं जो बढ़े हुए कोलेस्ट्रोल लेवल को ठीक करने में मदद करता है।

**6. मोटापा घटाने में करें मदद**

जो लोग मोटापे से परेशान है वह वजन घटाने के लिए पुदीने का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें ऐसे औषधीय गुण पाए जाते हैं जो शरीर में जमा वसा को कम करते हैं और मोटापे से छुटकारा दिलाते हैं।

**7. घाव से दिलाएं राहत**

पुदीने में एंटी- बैक्टिरियल पाया जाता है जो घाव या चोट को ठीक करने में मदद करता है। जब आपके कभी घाव या चोट लग गई है तो आप पुदीने की पत्तियां मसल कर इसका पेस्ट बना कर घाव वाली जगह पर लगाएं।

**8. उल्टी या हिचकी रोकें**

अगर आपको कभी उल्टियां लग जाएं तो पुदीने का रस 1-1 चम्मच दिन में दो बार पीएं। हिचकी रोकने के लिए इसकी पत्तियां बहुत असरदार उपाय है।

# कहीं आप तो नहीं कर रहें बालों की कंडीशनिंग करते समय यह गलतियां

बालों को लेकर लड़कियां हर समय परेशान रहती हैं कि कहीं उनके झड़ते बाल उनकी पर्सनैलिटी को खराब कर न कर दें। इसी लिए वे अच्छी से अच्छी क्वालिटी का शैंपू और कंडीशनर इस्तेमाल करती हैं। बहुत से लोगों का मानना है कि कंडीशनर बालों को मुलायम, शाइनी बनाने में मदद करता है लेकिन बहुत से लोग इसे लगाने के सही तरीके के बारे में जानते भी नहीं हैं। कंडीशनिंग करते समय जाने-अनजाने की गई गलतियां बालों को खराब भी कर सकती हैं। आइए जानें कहीं आप भी तो नहीं कर रहे ये कंडीशनर को लेकर ये गलतिया।



**बालों की जड़ों से कंडीशनिंग करना**

कुछ लोग शैंपू करने के बाद बालों की जड़ों से ही कंडीशनिंग भी करने लगते हैं। जिससे कई बार बाल झड़ने लगते हैं। इस बात को जान लें कि जड़ों को कंडीशनर करने की कोई जरूरत नहीं होती। सिर्फ बालों पर ही इसे लगाएं।

**शैंपू के बाद कंडीशनर न करना**

कंडीशनर बालों को मुलायम बनाने के साथ-साथ बाहरी धूल-मिट्टी से भी बचाव रखता है। बालों पर शैंपू कर रहे हैं तो कंडीशनर न लगाने के गलती न करें। इससे बालों को नुकसान पहुंच सकता है।

**जरूरत से ज्यादा न करें इस्तेमाल**

हर चीज का इस्तेमाल सही मात्रा में करना बहुत जरूरी है। अगर ज्यादा मात्रा में कंडीशनर लगाया जाए तो इससे बाल शाइनी दिखने की बजाए तैलीय लगने लगते हैं और आप भी फ्रैश फील नहीं करते।

**कंडीशनर लगाने में जल्दी करना**

कंडीशनर लगाने में जल्दबाजी न करें। सही रिजल्ट पाने के लिए इसे दिए गए निर्देश अनुसार बालों पर लगा रहने दें।

# दांत की सर्जरी के बाद न करें इन 2 चीजों का सेवन, पड़ सकता है भारी

कोई भी व्यक्ति जब डेंटल सर्जरी से फिर से ठीक हो रहा होता है, तब अच्छा आहार और पोषण का अत्यंत महत्व होता है। अगर व्यक्ती को पता है, की उसे क्या खाना चाहिए और वह उचित आहार लेता हैं, तो यह जल्दी ठीक होने की गारंटी देता है और अत्यधिक शुष्क गर्तिका और खून के बहने की संभावना को कम कर देता है। मौखिक सर्जरी के उपरांत का समय एक बहुत ही महत्वपूर्ण समय होता है और दंत विशेषज्ञों के पर्यवेक्षण के बिना प्रबंधित नही किया जाना चाहिए। यदि मरीज को कुछ एंटीबायोटिक दवाओं का निर्धारण किया गया है, तो उसे अपने आहार से डेयरी उत्पादों को बाहर करना पड़ सकता है। वास्तव में, सर्जरी के बाद कुछ दिनों के लिए रोगी को चाय या पानी या नरम खाद्य पदार्थों जैसे पेय पदार्थों को लेना चाहिए।



**ये बातें पता होनी चाहिए**

डेंटल सर्जरी की अवधि में, एक व्यक्ति को पता होना चाहिए कि उसे क्या खाना चाहिए और अपने आहार में फाइबर और प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा शामिल करनी चाहिए। तरल पदार्थ भी आहार का एक प्रमुख हिस्सा होना चाहिए। अच्छे तरल आहार पदार्थों में पौष्टिक फल और सब्जियों के रस, मिल्क शेक, ऊर्जा पेय, त्वरित नाश्ता पेय और फल स्मूदी शामिल हैं। मौखिक सर्जरी के तुरंत बाद, ओटमिल, नरम अंडे, मुलायम फल, अच्छी तरह से पका चावल और दलिया, जैसे पदार्थों को रोगी के आहार में शामिल किया जाना चाहिए। कार्बोनेटेड या वातित पेय, गर्म तरल पदार्थ और मसालेदार भोजन लेने से बचें।

**इन खाद्य पदार्थों से परहेज**

रोगी उन खाद्य पदार्थों को टालना चाहिए जिससे सर्जरी स्थान पर जलन नहीं हो। कुछ भी जिसे चूसने की जरूरत होती है, उससे सख्ती से बचना चाहिए, क्योंकि इससे मुँह में खून के थक्का बन सकते हैं, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हो सकता हैं। हालांकि मांस और डेयरी उत्पाद प्रोटीन और ऊर्जा का एक बहुत अच्छा स्त्रोत होते हैं, उनका परहेज किया जाना चाहिए। इसके बजाय, आप मैश किए हुए आलू, नरम पनीर और टोफू खा सकते हैं।

**क्या खा सकते हैं**

डेंटल सर्जरी के बाद कैन्ड मछ्ली, गरम पानी में पकी मछली, ह्यूम्मस, मांस लोफ्स, मसला हुआ चितकबरा सेम और कटा हुआ मांस जैसे खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल कर सकते है क्योंकि उनको ज्यादा चबाने की आवश्यकता नहीं होती है। मूंगफली का मक्खन, बीज, और अखरोट के तेल की भी सिफारिश की जाती हैं। पुडिंग, दही, कस्टर्ड, वनस्पति शोरबा, आइसक्रीम, ऐपल्सॉस, क्रीमी सूप, और मैश किए हुए आलू सर्जरी स्थान के लिए बेहतर होते हैं।

**डेंटल सर्जरी**

डेंटल सर्जरी के बाद क्या खाना चाहिए यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है, जो हर रोगी को संबोधित किया जाना चाहिए। चिकित्सा और फार्मेसी के क्षेत्र में नए-नए रिसर्च ने सर्जरी की पद्धतियां और प्रक्रियाओं को रोगियों के लिए कम पीड़ादायक और अधिक सहनशील बना दिया हैं। क्योंकि जब रोगी घर लौटता है उस पर दवा का प्रभाव होता है, इसलिए उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्धारित दर्द निवारक दवा नियमित लेना और डॉक्टर के अनुमोदन के बिना कुछ नहीं खाना चाहिए।

**दांतों की देखभाल कैसे करें**

ब्रश करने के लिए कोई मानक समय नहीं है। लेकिन ऐसी सलाह दी जाती है कि कम से कम दो मिनट तक ब्रश करें जिससे मुंह के अंदर की सतह से प्लेक के बैक्टीरिया निकल जायें। इससे दांतों की क्षति से भी बचाव हो सकेगा। अगर 6 महीनों तक ब्रश करने के बाद भी आपका ब्रश खराब नहीं हुआ है, तब भी नया ब्रश खरीदने में देरी ना करें। टूथब्रश अलग-अलग आकार, लम्बाई और गुणवत्ता के आते हैं। लेकिन डेंटिस्ट्स का ऐसा मानना है कि सही टूथब्रश की लम्बाई 25.5 से 31.9 मिलीमीटर होनी चाहिए और चौडाई 7.8 से 9.5 मिलीमीटर होनी चाहिए। अगर आपके दांतों पर काले-भूरे धब्बे नजर रहे हैं, खाना दांतों में फंसने लगा है, ठंडा-गरम लग रहा है या मसूड़ों से पस आ रहा है, तो डेंटिस्ट.से मिलने में देरी ना करें। निश्चित समयांतराल पर दंत चिकित्सक से मिलें।






I-stay BY STARWING
I-Stay, Marol Andheri East
STUDIO HOME Fully Furnished ₹59.95 LACS*
1-BHK HOME Semi Furnished ₹1.25 CRS*
New Beginnings New Memories
New Home
DUSSEHRA OFFER
₹2 Lacs Discount
to Empower Women
Strategic Partner:
KESHAV ESTATE CONSULTANT
SINCE : 1990
RERA NO : A51700045892
CONTACT
9820961360
9967119955
9820441545
keshavestate@gmail.com
RERA NO: A51700045892